Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: Amar Ujala **Date: 15.02.2022**

PGCIL लिमिटेड में भर्तियां ■ 105 पद

असिस्टेंट इंजीनियर ट्रेनी के विभिन्न पदों पर मौका

- **आयु-सीमा :** 31 दिसंबर, 2021 के अनुसार 28 वर्ष (उम्मीदवार का जन्म 31 दिसंबर, 1993 को या उसके बाद होना चाहिए।)
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीई/बीटेक/बीएससी (इंजीनियरिंग से) की डिग्री होनी अनिवार्य है।
- **चयन प्रक्रिया :** योग्य उम्मीदवारों का चयन GATE-2021 के संबंधित पेपर में मिले अंक, व्यवहार मूल्यांकन, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के अनुसार मिले नार्मलाइज अंक (100 में से) के आधार पर और प्रबंधन द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुसार किया जाएगा। सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 40% व अन्य वर्ग के लिए 30% अंक निर्धारित हैं।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** 20 फरवरी, 2022 (ऑनलाइन।)

आवेदन शुल्क : रुपये 500/- | **www.powergrid.in**

संघ लोक सेवा आयोग ■ 33 पद

असिस्टेंट प्रोफेसर, स्टोर ऑफिसर व अन्य पद

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु वर्गानुसार 30/35/45/48 वर्ष। आयु में नियमानुसार छूट निर्धारित की गई है।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्रों में पीजी की डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं रखता हो।
- **चयन का तरीका :** योग्य अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को अपने साथ सभी डॉक्युमेंट्स की मूल और एक फोटोकॉपी के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अंतिम चयन से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट अवश्य देख लें।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** उम्मीदवार 03 मार्च, 2022 तक (ऑनलाइन) माध्यम से आवेदन करें।

आवेदन शुल्क : रुपये 25/- | **www.upsconline.nic.in**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ■1149 पद

कॉन्स्टेबल/ फायर (पुरुष) के अस्थायी पदों पर भर्तियां

- **आयु-सीमा :** ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 18-23 वर्ष (आयु में छूट नियमानुसार लागू)

Job of the day

- **पात्रताएं :** उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर या उससे पहले किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से साइंस विषय के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष योग्यता धारण करनी चाहिए।
- **चयन प्रक्रिया :** पीईटी और पीएसटी परीक्षाओं द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का ओएमआर/सीबीटी मोड आधारित टेस्ट होगा। लिखित परीक्षा को क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों को डीवी/चिकित्सा परीक्षा चरण से गुजरना होगा। अंकों का न्यूनतम प्रतिशत सामान्य/ ईडब्लूएस के लिए 35% और एससी/एसटी/ ओबीसी के लिए 33% होगा।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** योग्य अभ्यर्थी 04 मार्च, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 100/- | **www.cisfrectt.in**